ग्राम पौंता में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

अभनपुर। ग्राम पौंता में आईआईएम रायपुर ने एम्स रायपुर व प्रण्याश फाऊंडेशन के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अस्थि, स्त्रीरोग, दंत रोग जैसे विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच व परामर्श देते निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। शिविर में ग्राम पौंता, चेरिया, बंजारी के 40 वर्ष से अधिक के सैकड़ों लोग लभान्वित हुए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच गौरव शर्मा ने आईआईएम, एम्स व प्रणयांश फाऊंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा की कमी को पूरा करने इस तरह के शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। अभी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा के लिए ग्राम के लोंगो को 15 से 20 किलोमीटर सफर कर निजी अस्पाताल जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पौंता में एक स्थायी अस्पाताल खुलना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईआईएम के डायरेक्टर प्रो. राम ककानी, एम्स के नर्सिंग उपनर्सिग अक्षीक्षक डॉ प्रदीप कुमार एक्का, प्रण्याश फाऊंडेशन के राहुल शर्मा व पौंता के ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

Navabharat, 24 Feb 25, p 04